an>

Title: Need to construct an embankment on river Ganga in Misrikh Parliamentary Constituency to prevent recurrence of annual floods in the region.

श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) : पवित्र माँ गंगा उत्तराखण्ड प्रदेश के गंगोत्री से उद्गम होकर हरिद्वार, सहारनपुर, फर्रू खाबाद, हरदोई, उन्नाव, कानपुर, इलाहाबाद, बनारस, बलिया होते हुए उत्तर प्रदेश की सीमा को पार करते हुए बंगाल की खाड़ी में चली जाती हैं। हमारी सरकार ने पवित्र माँ गंगा के विकास पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया है। माँ गंगा के विकास के क्रम में मैं अपने लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख के विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम-मल्लावां के उस क्षेत्र के विषय में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं जहाँ प्रतिवर्ष बाढ़ आती है।

बिलग्राम-मल्लावां क्षेत्र के सढ़ियापुर गाँव के पास माँ गंगा में गर्रा नदी का मिलान होता है, जिससे इस क्षेत्र में पानी के बहाव की गति बहुत विकराल हो जाती है। इससे सढ़ियापुर गाँव से उन्नाव जनपद के गहरिपुरवा गाँव तक माँ गंगा के तट पर बसे हुए सैकड़ों गाँव बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं। अभी तक पचासों गाँव भूमि कटान के कारण पानी में बहकर अपना अस्तित्व समाप्त कर चुके हैं। इस बाढ़ की समस्या के कारण प्रतिवर्ष यहाँ के निवासियों के जन-धन का नुकसान होता रहता है। सढ़ियापुर गाँव से गहरिपुरवा गाँव की दूरी लगभग 25 किलोमीटर है।

इस बाढ़ की अति गंभीर समस्या को मैं सरकार के संज्ञान में लाना चाहती हूं तथा मांग करती हूं कि जनहित में बाढ़ की इस गंभीर समस्या का समाधान माँ गंगा के किनारे पर तट बांध निर्माण कराकर कराया जाए।